# <u>निविदा आमंत्रित करने की सूचना (एनआईटी)</u>

## <u>सेवा की गुणवत्ता की लेखापरीक्षा और मूल्यांकन करने हेतु एजेंसियों की नियुक्ति और भविष्य में इसकी आवश्यकता के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करने के लिए बोलियों का आमंत्रण</u>

1. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली - 110002 (इसके बाद 'भादूविप्रा' या 'प्राधिकरण' के रूप में संदर्भित) भारतीय कंपनियों/फर्मों (इसके बाद 'लेखा परीक्षा एजेंसी' या 'बोलीदाता' के रूप में संदर्भित), जो निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं, से निम्नलिखित सेवाओं की सेवा की गुणवत्ता की लेखापरीक्षा और मूल्यांकन करने हेतु बोलियों का आमंत्रण मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है,

(क) सेल्यूलर मोबाइल टेलीफोन सेवा;

(ख) वायरलेस डाटा सर्विस;

(ग) बेसिक टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और

(घ) ब्रॉडबैंड (वायरलाइन) सेवा

जो की प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी और संशोधित सेवा की गुणवत्ता विनियम (इसके बाद 'क्यूओएस विनियम' के रूप में संदर्भित) में यथा विनिर्दिष्ट विभिन्न एक्सेस सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाती है। इस संबंध में भादूविप्रा द्वारा जारी क्यूओएस विनियम नीचे दिए गए हैं:

(i) बुनियादी टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा विनियम, 2009 (2009 का 7) की सेवा की गुणवत्ता के मानक, दिनांक 20 मार्च 2009

(ii) ब्रॉडबैंड सेवा की सेवा की गुणवत्ता विनियम, 2006 (2006 का 11), दिनांक 6 अक्टूबर 2006; और

(iii) वायरलेस डेटा सेवा विनियम, 2012 (2012 का 26) के लिए सेवा की गुणवत्ता के मानक, दिनांक 4 दिसंबर 2012।

2. (i) सभी बोलीदाता, जिनकी बोली खंड 2.13.6 के अनुसार तकनीकी रूप से पात्र पाई गई है, वे भाग II के खंड 2.32 के अनुसार पैनल में शामिल होने के लिए अन्य शर्तों को पूरा करने के अधीन सेवा की गुणवत्ता की लेखापरीक्षा और मूल्यांकन के भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पैनल में शामिल होने के लिए पात्र होंगे, भले ही वर्तमान बोली प्रक्रिया में कार्य देने के लिए अंतिम रूप से उन पर विचार किया गया हो अथवा नहीं।

(ii) भादूविप्रा की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बोलीदाताओं को केवल पैनल में शामिल होने के लिए वर्तमान बोली प्रक्रिया में भाग लेने की भी अनुमति है और ऐसे मामले में, उन्हें केवल तकनीकी बोलियां जमा करने की आवश्यकता होगी ।

(iii) लेखापरीक्षा करने और सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने की भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने हेतु एजेंसी के चयन के लिए, कार्य के दायरे को विनिर्दिष्ट करते हुए एक अलग

सीमित निविदा पूछताछ जारी की जाएगी और केवल सूचीबद्ध एजेंसियों से वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जाएंगी। ऐसे मामले में, पैनल में शामिल एजेंसियों को कार्य के दायरे के लिए अपनी पात्रता स्थापित करने हेतु दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

3. (i) निम्नलिखित जोनों के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है:

क. आरओ बेंगलुरु ज़ोन

ख. आरओ भोपाल जोन

ग. आरओ दिल्ली जोन

घ. आरओ हैदराबाद जोन

ङ. आरओ जयपुर जोन

च. आरओ कोलकाता जोन

(ii) प्रत्येक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भौगोलिक क्षेत्रों के साथ-साथ लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (एलएसए) का विवरण अनुलग्नक 2क में बोली दस्तावेज़ में दिया गया है।

(iii) बोलीदाता अपनी पसंद के अनुसार किसी भी संख्या में ज़ोन (एक या एक से अधिक ज़ोन) के लिए बोलियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

4. निविदा दस्तावेज़ की एक प्रति भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in के साथ-साथ www.eprocure.gov.in पर भी उपलब्ध है और बोली प्रस्तुत करने के उद्देश्य से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। चूंकि भादूविप्रा ने इस निविदा के लिए बोलियां आमंत्रित करने हेतु ई-टेंडरिंग की प्रक्रिया का उपयोग करने का निर्णय लिया है, इसलिए निविदा दस्तावेज़ की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं होगी।

5. पात्रता शर्तें: भाग II (बोलीदाताओं के लिए सामान्य शर्तें और अनुदेश) के खंड- II (पात्रता शर्तें) में यथा विनिर्दिष्ट है।

6. बोली प्रतिभूति: बोलीदाता को प्रति जोन 1,50,000/- रुपये (एक लाख पचास हजार रुपये मात्र) की बोली प्रतिभूति जो 'भादूविप्रा' के पक्ष में आहरित और नई दिल्ली में देय डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में प्रस्तुत करनी होगी।
एनएसआईसी/एमएसएमई/डीपीआईआईटी आदि के साथ सूक्ष्म/लघु/स्टार्ट-अप के रूप में पंजीकृत पात्र बोलीदाताओं के लिए बोली प्रतिभूति जमा राशि की छूट पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा, एमएसएमई श्रेणी में छूट केवल उन बोलीदाताओं पर लागू है जो अनुसूचित श्रेणी (61 - दूरसंचार) के अंतर्गत पंजीकृत हैं, जिसके लिए सेवाएँ प्राप्त की जा रही हैं और न कि सभी एमएसएमई श्रेणियों के लिए। यदि छूट मांगी गई है, तो बोलीदाताओं को एक बोली-प्रतिभूति घोषणा भी प्रस्तुत करनी होगी।

7. बोली प्रस्तुत करने और उसे खोलने की अंतिम तिथि और समय: बोलियां (ऑनलाइन और ऑफलाइन लिफाफे) दिनांक 11.01.2024 को 15:00 बजे तक या उससे पहले प्रस्तुत की जाएंगी। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त बोली स्वीकार नहीं की जायेगी। बोलियां दिनांक 12.01.2024 को 15:00 बजे खोली जाएंगी। यदि बोलियों को प्रस्तुत करने या उसे खोलने की तारीख को अवकाश घोषित किया जाता है, तो बोली प्रस्तुत करने और उसे खोलने की तिथि उसी निर्धारित समय पर अगले कार्य दिवस को स्वतः स्थानांतरित हो जाएगी। किसी अन्य अपरिहार्य कारण से बोली खोलने की तिथि में कोई भी बदलाव होता है तो भादूविप्रा की वेबसाइट और ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा।

8. भादूविप्रा ने www.eprocure.gov.in पर ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को अपनाया है। ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की आवश्यकताएं और प्रक्रिया वेबसाइट https://eprocure.gov.in/cppp/hassle_free_bid_submission.pdf पर 'परेशानी मुक्त बोली प्रस्तुत करने के लिए दिशानिर्देश' में विस्तार से बताई गई है। बोलीदाताओं को यह सुझाव दी जाती है कि वे बोली प्रस्तुत करने से पूर्व विवरण को अच्छी तरह से पढ़ लें, क्योंकि गलत/त्रुटिपूर्ण ऑनलाइन आवेदन जमा करने के कारण बोली की अस्वीकृति के लिए भादूविप्रा जिम्मेदार नहीं होगा।

9. अपूर्ण, अस्पष्ट, सशर्त, अहस्ताक्षरित बोलियां अस्वीकार कर दी जाएंगी।

10. डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त बोलियों [खंड 2.8 के अनुसार लिफाफा-3 (ऑफ़लाइन) को छोड़कर] को खोलने के लिए विचार नहीं किया जाएगा और बोलीदाता को बिना खोले मूल रूप में वापस कर दिया जाएगा।

11. भादूविप्रा बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

12. बोलीदाता को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रस्तुत किए जा रहे डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ में कोई परिवर्धन/विलोपन/सुधार नहीं किया गया है और यह ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाले निविदा दस्तावेज़ के समान है।

13. बोली में किसी प्रकार का कोई सुधार/पर्वर्धन/परिवर्तन/चूक पाए जाने पर बोली को गैर-उत्तरदायी माना जाएगा। बोली प्रस्ताव में प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेज़ अधिमानतः अंग्रेजी में होने चाहिए। यदि प्रमाण पत्र अर्थात अनुभव, पंजीकरण आदि अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया जाता है, तो बोलीदाता को सुसंगत प्रमाण पत्र के अलावा इसकी सही प्रति होने के लिए बोलीदाता और अनुवादक द्वारा विधिवत सत्यापित उसका अंग्रेजी अनुवाद भी संलग्न करना होगा।

14. सभी कंप्यूटर जनित दस्तावेज़ जारीकर्ता संगठन द्वारा विधिवत सत्यापित/हस्ताक्षरित होने चाहिए।

15. कंपनियों/फर्मों के परिसंघ को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है।

16. निविदा दस्तावेज़ पर स्पष्टीकरण: संभावित बोलीदाताओं को निविदा दस्तावेज़ पर किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, तो वे अपना अनुरोध लिखित रूप में ईमेल: sroqos3@trai.gov.in पर प्रतिलिपि के साथ ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से दिनांक 18.12.2023 तक प्रस्स्तुत कर सकते हैं।

17. विभिन्न गतिविधियों के लिए संभावित तिथि/समय-सारणी नीचे उल्लिखित है:

| गतिविधि | संभावित तिथि | समय |
|---|---|---|
| निविदा आमंत्रण सूचना जारी करना | 06/12/2023 | - |
| निविदा दस्तावेज़ की अभिगम्यता | 06/12/2023 | 18:00 बजे |
| बोली-पूर्व विक्रेता सम्मेलन | 13/12/2023 | 11:00 बजे |
| स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि और समय | 18/12/2023 | 17:00 बजे |
| सीपीपीपी पोर्टल पर शुद्धिपत्र जारी करना, यदि कोई हो | 26/12/2023 | 17:00 बजे |
| बोली प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | 29/12/2023 | 09:00 बजे |
| बोलियों के ऑनलाइन और ऑफलाइन दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 11/01/2024 | 15:00 बजे |
| तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियाँ खोलना | 12/01/2024 | 15:00 बजे |

18. निविदा प्रस्तुत करने या उसे खोलने आदि की अनुसूची में कोई भी परिवर्तन भादूविप्रा की वेबसाइट और ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

(पवन कुमार अग्रवाल)
संयुक्त सलाहकार (क्यूओएस-I)

******

अस्वीकरण: यह निविदा आमंत्रित करने की सूचना मूल रूप से अंग्रेजी में लिखे गए निविदा आमंत्रित करने की सूचना का हिंदी अनुवाद है। किसी भी विसंगति के मामले में, निविदा आमंत्रित करने की सूचना का अंग्रेजी लिखित संस्करण मान्य होगा।